## Terms of Reference

## Junior Consultant- Community Processes/ Comprehensive Primary Health Care

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to provide technical assistance and capacity-building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute towards National strategic health planning and programme design. NHSRC intends to recruit Junior Consultants for its Community Processes/Comprehensive Primary Health Care Division, purely on a contractual basis.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening primary health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands-on implementation assistance at national, state and district levels. Working with NHSRC's trans-disciplinary team, you can discover, adapt, co-create and test solutions to multiple challenges related to service delivery systems, primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion.

This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub-district implementation, undertake knowledge translation, and enable the realization of the vision of universal health coverage.

**Junior Consultant, CP/CPHC division, NHSRC:**
The CP/CPHC Division is looking for young and dynamic public health professionals who are motivated to undertake public health services. The applicant must be proactive and self-accountable with a strong work ethic and the ability to work with minimum supervision and deliver within tight deadlines. The applicant should be passionate about strengthening public health services with a vision of making good quality public health care services available and accessible to the most underserved and marginalized populations and must have the zeal to work towards the realization of that vision continuously and strategically.

The selected candidate will have the unparalleled opportunity to work at a dynamic platform with the States, Districts and other stakeholders. The work will provide an enriching experience in understanding the public health challenges at various levels and developing and implementing strategies for problem-solving.

Opportunity to join the Division: NHSRC seeks to recruit a junior consultant purely on a contractual basis to extend his or her support to the CP/CPHC division of NHSRC. The Junior Consultant will work under the supervision of the Senior Consultant-CP/CPHC, and under the overall guidance of Advisor, CP/CPHC.

**Roles & Responsibilities:**

- Direct support to selected states as allocated, for implementation of Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) programme. Key functions include:
- Support states in implementing Community Processes (CP) interventions and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) components as required at National and State Level.

- Support states in rolling out and implementation of all components of the Health and Wellness Centre teams through enabling translation of policy into programme, enabling adaption to varying contexts,
- Provide hands on, field-based support at state and district levels for training, performance monitoring, and strengthening support structures for improving Primary Health Care Team at Health & Wellness centres and VHSNC / MAS.
- Assess and document state and district-level innovations in CP/CPHC for scaling up.
- Undertake periodic field visits to states and districts to review programme implementation in the States, identify implementation challenges and support states in charting appropriate solutions.
- Contribute to writing programme-specific operational guidelines; technical and policy briefs, training material, reports, case studies, monitoring checklists/protocols etc.
- Support in undertaking operational research and impact assessments for improving the design of CP and CPHC interventions.
- Undertake such other assignments, which may be assigned from time to time by the Advisor/Community Processes

**Qualification & Experience:**
Essential:

- Medical Graduate including AYUSH/ BSc/ Bachelor's in Social Science/ Nursing/ Pharmacy with MPH/MBA (Health Management/ Health Administration)/ Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management/ MBA (Developmental Studies)/ MSW/ MA Social Sciences degree with at least 1(one) year of experience in Public Health/ Community Health and Health Systems, after post-graduation.
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, and PowerPoint. Ability to use the internet to for desk research, literature review and accessing other relevant documents.
- Basic data analytical skills, documentation, communication and presentation skills
- Good interpersonal skills
- Excellent oral and written communication skills in English and or Hindi.

**Desirable:**

- Working knowledge of other major regional languages.
- Experience in undertaking research, capacity building and working with health systems in the public health system.
- Demonstrated experience in working with NGO-led Primary Health Care/Community Health Worker programs/state-level public health programmes/Grassroots.

Formal educational qualification and experience could be relaxed when there is published work of high quality or whenever there is work experience of specific relevance.

**Age Limit:** 35 years and below (As of the last date of receiving applications)

**Work Location:** New Delhi; Involves travel to states and districts. Opportunity to gain hands-on experience of public health canvas of states and districts.

Remuneration Range: Between Rs. 40,000/- to Rs. 70,000/- per month

*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.

Other Benefits: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract: Duration of Contract:** Contract till 31st March 2025 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance) and availability of NHM funds.

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill out the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **5th December 2023.**

# संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## जूनियर कनसल्टेंट – सामुदायिक प्रक्रियाएं / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, (सीपी/सीपीएचसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता दी जा सके और उनकी क्षमता बढ़ाई जा सके। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय कार्यनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी अपने सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के लिए विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर जूनियर कनसल्टेंट की भर्ती करने का इरादा रखता है।

यदि आप स्वास्थ्य समानता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले एनएचएसआरसी दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान की खोज, अनुकूलन, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं।

यह व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन देने, जिला और उप–जिला स्तरीय कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने का अवसर है।

### जूनियर कनसल्टेंट, सीपी/सीपीएचसी प्रभाग, एनएचएसआरसीः

सीपी/सीपीएचसी प्रभाग युवा और गतिशील सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की तलाश कर रहा है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने के लिए प्रेरित हों। आवेदक को मजबूत कार्य नीति और न्यूनतम पर्यवेक्षण के साथ काम करने और तय समय सीमा के अंदर काम करने की क्षमता के साथ सक्रिय और स्वयं के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए। आवेदक को अच्छी गुणवत्ता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को सबसे वंचित और हाशिए पर मौजूद आबादी के लिए उपलब्ध और सुलभ बनाने के दृष्टिकोण के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का जुनून होना चाहिए और उस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में लगातार और रणनीतिक रूप से काम करने का उत्साह होना चाहिए।

चयनित उम्मीदवार को राज्यों, जिलों और अन्य हितधारकों के साथ गतिशील मंच पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह कार्य विभिन्न स्तरों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने और

समस्या निवारण के लिए रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।

**इस प्रभाग में शामिल होने का अवसरः** एनएचएसआरसी के सीपी/सीपीसीएचसी डिवीजन को समर्थन देने के लिए एनएचएसआरसी विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर जूनियर कनसल्टेंट की भर्ती करना चाहता है। जूनियर कनसल्टेंट, सलाहकार –सीपी/सीपीएचसी की देखरेख और समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्वः

सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए चयनित राज्यों को आवंटित प्रत्यक्ष समर्थन। प्रमुख कार्यों में शामिल हैंः

- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आवश्यकतानुसार सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) हस्तक्षेपों और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) घटकों को लागू करने में राज्यों का समर्थन करना।
- नीति के कार्यक्रम में परिवर्तन को सक्षम करने, अलग–अलग संदर्भों में अनुकूलन को सक्षम करने के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र टीमों के सभी घटकों की तैयारी और कार्यान्वयन में राज्यों का समर्थन करना।
- प्रशिक्षण के लिए राज्य और जिला स्तर पर व्यावहारिक, क्षेत्र–आधारित सहायता प्रदान करना। हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर्स और वीएचएसएनसी/एमएएस में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीम में सुधार के लिए कार्य प्रदर्शन की निगरानी और समर्थन संरचनाओं को मजबूत करना।
- स्केलिंग–अप के लिए सीपी/सीपीएचसी में राज्य और जिला–स्तरीय नवाचारों का मूल्यांकन और दस्तावेजीकरण करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करने और उचित समाधान तैयार करने में राज्यों का समर्थन करने के लिए राज्यों और जिलों का समय–समय पर क्षेत्रीय दौरा करना।
- कार्यक्रम–विशिष्ट परिचालन दिशानिर्देश, तकनीकी और नीति संक्षेप, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्ट, केस अध्ययन, निगरानी चेकलिस्ट/प्रोटोकॉल आदि लिखने में योगदान देना।
- सीपी और सीपीएचसी हस्तक्षेपों के डिजाइन में सुधार के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन करने में सहायता।
- ऐसे अन्य कार्य करना, जो सलाहकार/सामुदायिक प्रक्रियाओं द्वारा समय–समय पर सौंपे जा सकते हैं।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभवः

आवश्यकः

- आयुष सहित मेडिकल ग्रेजुएट/बीएससी/सामाजिक विज्ञान/नर्सिंग/फार्मेसी में स्नातक के साथ एमपीएच/एमबीए (स्वास्थ्य प्रबंधन/स्वास्थ्य प्रशासन)/अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ एमबीए (विकासात्मक अध्ययन)/एमएसडब्ल्यू/एमए सामाजिक विज्ञान की डिग्री के साथ स्नातकोत्तर के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रणालियों में कम से कम 1 (एक) वर्ष का अनुभव।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस वर्ड, एक्सेल और पावरपॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में दक्षता, डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- बुनियादी डेटा विश्लेषणात्मक कौशल, दस्तावेज़ीकरण, संचार और प्रस्तुति कौशल।
- अच्छे पारस्परिक कौशल।
- अंग्रेजी और या हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल।

**वांछनीयः**

- अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अनुसंधान, क्षमता निर्माण और स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ काम करने का अनुभव।
- एनजीओ के नेतृत्व वाले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य–स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ काम करने का प्रदर्शित अनुभव।

जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब भी विशिष्ट प्रासंगिकता का कार्य अनुभव हो तो औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमाः** 35 वर्ष और उससे कम (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक)

**कार्य का स्थानः** नई दिल्ली, इसमें राज्यों और जिलों की यात्रा शामिल है। राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

**परिलब्धि सीमाः** रु. 40,000/– से रु. 70,000/– प्रति माह के बीच।

* इस बैंड में दी जाने वाली फीस योग्यता और अनुभव के अनुरूप होगी।

**अन्य लाभः** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन जैसे लाभ के हकदार हैं।

**अनुबंध की अवधि** : 31 मार्च, 2025 तक (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन और एनएचएम फंड की उपलब्धता के विषयाधीन समान अवधि का विस्तार)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **5 दिसंबर 2023 है।**